राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने बीकानेर के चारों विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ बैठक की

जयपुर, 29 जुलाई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने षुक्रवार को बीकानेर में महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनोद कुमार सिंह, स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रक्षपाल सिंह, राजुवास कुलपति प्रो. सतीश कुमार गर्ग, बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अम्बरीश विद्यार्थी के साथ संक्षिप्त समीक्षा बैठक की।

बैठक में उन्होंने एक समान विषयवार पाठ्यक्रम तैयार करने की प्रगति और नई शिक्षा नीति को समग्रता में लागू करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। उन्होंने शेष विश्वविद्यालयों को भी संविधान पार्क का कार्य शीघ्र पूरा करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सामाजिक सहभागिता के अंतर्गत गोद लिए गए गांवों में करवाए जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली।

बैठक में राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री सुबीर कुमार, प्रमुख विषेषाधिकारी श्री गोविंदराम जायसवाल, राज्यपाल सलाहकार मण्डल के सदस्य प्रो. ए.के. गहलोत भी उपस्थित रहे।

————